हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024



# ईवीएम की पहरेदारी: स्ट्रांग रूम की तीन लेयर में सुरक्षा, आठ-आठ घंटे ड्यूटी कर रहे नेता

## चार जून को मतगणना तक रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, राजनांदगांव जिले की चार विस के ईवीएम मंडी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। तीन लेयर की सुरक्षा में मशीनों की निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे से प्रशासनिक अफसर नजर बनाए हुए हैं। इधर ईवीएम की सुरक्षा को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता भी आठ-आठ घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं।

26 अप्रैल को मतदाताओं ने ईवीएम मशीन में बटन दबाकर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। मतदान निपटने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है।

### पहली बार चार स्ट्रांग रूम

पिछले लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र में राजनांदगांव और कवर्धा जिले में ही ईवीएम मशीनों को रखे जाने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया जाता था, लेकिन इस बार दो नए जिले के अस्तित्व में आने के कारण खैरागढ़ और मोहला में भी मतगणना होगी। यही कारण है कि दोनों नए जिले में भी स्ट्रांग रूम बनाया गया है। राजनांदगांव शहर में बसंतपुर स्थित मंडी परिसर में तगड़ी सुरक्षा में ईवीएम मशीनों को रखा गया है।




### एक कमरे में दोनों दल के नेता

लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के नेता आमने-सामने की स्थिति में रहे हैं, लेकिन चुनाव निपटने के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा दोनों दलों के नेता एक कमरे में एक साथ रहकर कर रहे हैं। प्रशासन ने दलों के लिए एक कमरा अलार्ट किया है, जहां आठ-आठ घंटे नेता पहरेदारी कर रहे हैं।

**चार जून को खुलेगा ताला :** 27 अप्रैल को ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखे जाने के बाद राजनैतिक दलों की उपस्थिति में प्रशासनिक अफसरों ने इसे सील कर दिया है। लोकसभा चुनाव की आगामी 4 जून को मतगणना है। इसी दिन इन स्ट्रांग रूम को दलों की उपस्थिति में खोला जाएगा। इसके बाद मतगणना शुरू होगी।

प्रशासन ने स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की सुरक्षा तैनात की है। फोर्स के जवानों को यहां तैनात किया गया है। सुरक्षा इतनी तगड़ी रखी गई है कि यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इसके अलावा पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रशासनिक अफसर इन कैमरों के जरिये अपनी नजर बनाए हुए हैं। इधर भाजपा और कांग्रेस ने स्ट्रांग रूम में अपने नेताओं की भी ड्यूटी लगाई है। एक नेता को आठ घंटे की ड्यूटी दी गई है। इस तरह दोनों दलों ने एक स्ट्रांग रूम में तीन-तीन नेताओं को ड्यूटी में लगाया है। ईवीएम की पहरेदारी में 24 घंटे नेताओं की भी नजर बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### जयंती की रूपरेखा बनाने बैठक आज



**गंडई पंडरिया।** आगामी 10 मई को परशुराम जयंती उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयंती के मौके पर विविध कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाने के लिए हिन्दू युवा मंच की कल 29 अप्रैल को शाम 7 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। गंडई में परशुराम जयंती को लेकर हिन्दू युवा मंच ने पहली बार कार्यक्रम का आयोजन करने की शुरूवात करने जा रहा है।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** कुकर्म कर फरार हुए आरोपी की पतासाजी कर लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता ने 18 मार्च को थाना में आवेदन देकर युवक महेन्द्र कुमार साहू के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अप्रैल 2023 में आरोपी पीड़िता को अकेल पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जुलाई 2023 में शादी करूंगा बोलकर भगाकर नागपुर ले गया और अब तेरे साथ शादी कौन करेगा कहकर उसकी सगाई तुड़वा दिया और जान से मारने की धमकी दिया था। एफआईआर होने की सूचना पाकर आरोपी नागपुर में लुक-छिप रहा था, जिसे आज हिरासत में लिया गया। आरोपी महेन्द्र कुमार साहू पिता मंगलदाल साहू 34 साल निवासी ग्राम जोशीलमती थाना गैंदाटोला को दुष्कर्म की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

### माय एंगल




## फार्म हाउस में ब्लास्ट के बाद घटनास्थल में हुआ गहरा गड्ढा

# बोर में ब्लास्ट से कर्मी की मौत जांच में जुटी पुलिस की 3 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### बोर शुरू करने के बाद मिट्टी कार्यक्रम में जाने वाला था मृतक

जिले के डोंगरगांव ब्लॉक के जामसरार गांव में एक युवक की बोर में ब्लास्ट होने से मौत हो गई है। युवक फार्म हाउस की बोर को शुरू करने के लिए सुबह पहुंचा था। बोर का बटन दबाते ही उसमें ब्लास्ट हुआ। जिससे उसको चोटें आई, कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गई। इस मामले में डोंगरगांव पुलिस के साथ ही अन्य दो टीमें भी जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव निवासी संतोष वैष्णव का जामसरार ग्राम में फार्म हाउस है। इस फार्म हाउस में मनेरी ग्राम का निवासी नरेश कुमार ओड़ी पिछले करीब डेढ़ साल से काम कर रहा था। युवक रोजाना सुबह 7 से 8 बजे के बीच फार्म हाउस में बोर को शुरू करने आता था। घटना के दिन भी युवक बोर शुरू करने के लिए पहुंचा था। करीबन सात बजे उसने आने के बाद फार्म हाउस के सामने रहने वाले यादव परिवार के एक युवक से बात भी की। मृतक ने उसे बताया था कि उसे बोर शुरू कर जल्द ही गांव में एक मिट्टी के कार्यक्रम में शामिल होने जाना है। जिसके बाद वह बोर शुरू करने पहुंचा और वहां यह घटना हो गई। बताया गया कि फार्म हाउस के जिस हिस्से में बोर था, वहां घटना के बाद एक गहरा गड्ढा हो गया है।



### फारेंसिक टीम ने शुरू की जांच

इधर इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते तत्काल दुर्ग से फारेंसिक टीम को घटनास्थल में बुलाया गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम और राजनांदगांव की क्राईम ब्रांच की टीम को इस मामले की जांच पूरा करने के लिए जिम्मा सौंपा गया है। अब यह तीनों टीम इस मामले में सच का पता लगाने अपनी कार्रवाई करेगी।

### रोजाना सुबह बोर चालू करता था मृतक, हादसे में आई चोंट

मिली जानकारी के अनुसार मनेरी ग्राम में रहने वाला फार्म हाउस का कर्मचारी नरेश कुमार ओड़ी रोजाना ही सुबह बोर शुरू करने के लिए पहुंचता था। रोज की तरह ही रविवार को भी सुबह करीबन सात बजे मृतक बोर शुरू करने के लिए पहुंचा और जैसे ही उसने बटन दबाया एक धमाका हुआ। जिसमें उसको चोंटे आई और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### जांच की जा रही


जामसरार के एक फार्म हाउस में बोर शुरू करने गए युवक की ब्लास्ट होने से मौत हो गई है। इस मामले में स्थानीय पुलिस के साथ ही फारेंसिक टीम द्वारा जांच की जा रही है।

**- दिलीप सिसोदिया,** एसडीओपी, डोंगरगांव

# शादी समारोह में मासूम ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

## थाना में रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में शादी समारोह में शामिल होने अपनी मां के साथ गया मासूम खेलते-खेलते विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की खबर से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरराय टोलागांव में एक परिवार के यहां वैवाहिक आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए गांव की महिला अपने साढे तीन वर्षीय मासूम बालक खुसाल साहू को लेकर गई हुई थी। बताया गया कि इस दौरान मासूम खेलते-खेलते धोखे से ड्राई आईस खा लिया था।

मिली जानकारी के अनुसार इस ड्राई आईस का उपयोग शादी या किसी अन्स समारोह में धुआं निकालने के लिए किया जाता है। इस ड्राई आईस को केमिकल से निर्मित किया जाता है, यही वजह है कि तीन साल की बच्ची के इसे खा लेने से यह घटना हुई।

*गांव में सनसनी : रात में घर जाने के बाद मासूम की तबियत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई। इस घटना की खबर जैसे ही गांव के लोगों को हुई तो ग्रामीणों में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम किया। पुलिस के अनुसार शव का आज पीएम कराया गया है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। मामले की सरगर्मी से जांच की जा रही है।*

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे और रिश्तेदारों को पुलिस ने भेजा जेल

- मामला : मतदान के दौरान टेडेसरा में हुए विवाद का

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान टेडेसरा में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के बेटे और रिश्तेदारों को जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मतदान के दौरान टेडेसरा के पांच युवकों द्वारा वहां हंगामा किया गया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 26 अप्रैल को टेडेसरा मतदान केन्द्र के बाहर कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच वाद विवाद एवं मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस मामले में महिलाओं से भी मारपीट एवं अभ्रद व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया था। हंगामे के बाद इस मामले में रिपोर्ट सोमनी थाना में दर्ज कराई गई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी सतीश साहू, चन्द्रकांत साहू,



जीतेन्द्र साहू, राजेन्द्र देशमुख, नरेन्द्र साहू को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया। इधर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ धक्का-मुक्की की गई। इस मामले में कांग्रेस ने शिकायत की है, लेकिन दोषियों पर आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस और प्रशासन द्वारा सत्ता के दबाव में यह कार्रवाई की जा रही है।

# रायपुर से 3 घंटे में पहुंच रही एक्सप्रेस ट्रेनें भीषण गर्मी में यात्रियों के छूट रहे पसीने

## एक्सप्रेस ट्रेनों को रोक मालगाड़ियों को निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे द्वारा आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली के लागू होने के बाद ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने के भले ही दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यही है कि यात्री ट्रेनें जहां घंटों विलंब से चल रही है। वहीं धीमी रफ्तार के कारण अब यात्रियों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों की स्थिति ऐसी है कि रायपुर से राजनांदगांव तक का सफर तीन घंटे में तय हो रहा है।



पिछले तीन साल से रेलवे द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ बेहद सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। आए दिनों ट्रेनों को रद्द किए जाने से यात्रियों को जहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अब ट्रेनों की धीमी रफ्तार ने यात्रियों के पसीने छूटा दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक माह से पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों की चाल बेहद धीमी हो गई है। यात्री ट्रेनों को दुर्ग के समीप रसमड़ा में रोककर मालगाड़ियों को रवाना किया जा रहा है। जिसके कारण दुर्ग से राजनांदगांव का सफर जहां एक घंटे में तय हो रहा है। वहीं राजनांदगांव से रायपुर का सफर तय करने में तीन घंटे से ज्यादा समय लग रहे हैं। सबसे बुरी स्थिति इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की है। इस ट्रेन में रोजाना अप-डाउन करने वाले यात्री सफर करते हैं। रायपुर से पांच बजकर 10 मिनट पर छूटने वाली यह ट्रेन रात पौने नौ बजे यहां पहुंच रही है। रविवार को सुबह साढ़े दस बजे यहां से रवाना होने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस शाम सवा छह बजे तक यहां नहीं पहुंची। यही हाल पैसेंजर ट्रेनों का है।

### यात्री ट्रेनें हो रही जाम

पिछले एक माह से यात्री ट्रेनों के जाम होने की स्थिति भी दिखाई दे रही है। मालगाड़ियों के कारण एक ही ट्रेक में सात से आठ यात्री ट्रेनों को रसमड़ा के समीप खड़ा किया जा रहा है। इस जाम की चपेट में दुरंतों जैसे सुपरफास्ट ट्रेनें भी आउटर में रोकी जा रही है। तीसरी रेल लाईन का काम पूरा होने के बाद भी न तो ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है और न ही ट्रेनें समय पर चल रही है।

### ट्रेनें घंटों विलंब से

ट्रेनें निर्धारित समय पर नहीं चलने के कारण सबसे अधिक यात्री परेशान हैं। ब्लॉक हो या न हो, एक जैसी ही ट्रेनों की गति बनी हुई है। हावड़ा-मुंबई और कटनी, बिलासपुर, रायपुर रेल लाइन की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही है। यह सिलसिला एक दिन का नहीं, बल्कि पिछले कई महीनों से चल रहा है। रेलवे अधिकारियों का तर्क यही है कि रेलवे के हर सेक्शन में इंफ्रास्ट्रक्चर का काम चल रहा है। आने वाले दिनों में इससे सुविधा होगी।

## कॉलोनीवासियों ने बसंतपुर थाना पहुंचकर की शिकायत, मामले में जांच शुरू

# रिद्धी-सिद्धी कालोनी में भूत-प्रेत दूर करने के बहाने धर्मांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है। कालोनी में स्थित एक भवन में प्रार्थना के बाद भूत-प्रेत भगाने के सहारे धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने मामले की शिकायत बसंतपुर थाना में की है। वहीं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में पिछले कुछ महीने से कॉलोनी में स्थित एक केरला भवन में ईसाई समुदाय द्वारा रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है। इस प्रार्थना सभा में भूत-प्रेत बाधा दूर करने का वातावरण बनाकर हिंदू समुदाय के लोगों का धर्मांतरण कराए जाने की शिकायत रिद्धी-सिद्धी कॉलोनीवासियों ने शहर के बसंतपुर थाना में की है। कॉलोनीवासियों ने एक आवेदन देकर कहा है कि कॉलोनी के केरला भवन में भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा और रुपयों का लालच देकर धर्मांतरण कराए जाने का खेल काफी समय से चल रहा है। वहीं इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अरूण गुप्ता ने कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों को जबर्दस्ती धर्मांतरण कराया जा रहा है, उन्हें बलपूर्वक बाइबल पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### प्रार्थना के दौरान मारपीट!

थाना में प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले ने कहा कि 28 अप्रैल रविवार होने के चलते प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोग आए और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने लगे, वहां के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तोड़फोड़ दिए। वहीं इस मामले में बसंतपुर थाना के प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है, जिस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



### धर्मांतरण नहीं कराया!

कॉलोनीवासियों की बसंतपुर थाना में शिकायत के बाद प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले को पुलिस ने थाना में तलब किया। इस दौरान प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले ने बताया कि वहां धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम शांति के साथ रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं। इस सभा में लोग कई सारी समस्याएं लेकर आते हैं। जिनकी समस्याओं का समाधान होता है, वह अन्य लोगों को भी लेकर आते हैं।

### बड़ी संख्या में थाना पहुंचे लोग

रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हिंदू धर्म के मानने वाले लोगों को बुलाकर बड़ी संख्या में धर्मांतरण कराए जाने की शिकायत पहले भी हो चुकी है। अब कालोनीवासियों ने इस तरह के कृत्य से कॉलोनी का वातावरण बिगड़ने का हवाला दिया है और यहां प्रार्थना सभा आयोजित किए जाने के नाम पर धर्मांतरण के कार्य पर रोक लगाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के लोगों ने बसंतपुर थाना पहुंचकर पूरे मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## मतदान के बाद चुनाव परिणाम को लेकर तरह-तरह की चर्चा

# निर्णायक होगा साहू, कुर्मी क्षत्रीय, आदिवासी समाज के साथ महिलाओं व किसानो का वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मतदान भी हो चुका है और जिन मतदताओं को जिसके पक्ष में वोट डालना था वो भी डल चुका है। ऐसे में अब लोगों की चर्चा का विषय चुनाव परिणाम बना हुआ है। लोग अपने-अपने हिसाब से अपने-अपने तर्क लगाते सुनाई दे रहे हैं। लोग राजनैतिक दलों द्वारा राजनांदगांव लोक सभा चुनाव में टिकट वितरण को लेकर अन्य राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के प्रभाव को देकर यह निष्कर्ष निकाल रहे हैं कि इस बार साहू, कुर्मी क्षत्रीय, आदिवासी समाज के साथ महिलाओं व किसानो का वोट जिसकी झोली में आया होगा वहीं चुनावी न्यैया पार करेगा।

उल्लेखनीय है कि इस बार प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने जातिवाद का मोह त्यागकर राजनांदगांव लोक सभा मे सामान्य वर्ग के सांसद संतोष पांडेय पर फिर से प्रत्याशी बना दिया है,जिससे लोक सभा के साहू समाज में असंतोष भी दिखाई दिया लेकिन पूरा समाज एकमत हो, ऐसा देखने को नहीं मिला। इस स्थिति में चर्चा का विषय है कि आखिर साहू समाज का वोट किसके खाते में गया है या फिर बंट गया है। इसी प्रकार कांग्रेस की बात की जाए तो कांग्रेस ने कुर्मी क्षत्रिय समाज बाहुल्य मानी जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है।


फाईल फोटो

### राजनांदगांव लोक सभा में घोषणा पत्र किसका प्रभावी

सवाल यह है कि क्या इसका लाभ कांग्रेस को मिल पाया है। दूसरी तरफ कवर्धा से सांसद संतोष पांडेय दुबारा मौका दिया है, तो चर्चा यह भी है कि राजनांदगांव लोकसभा में जिस प्रकार महिलाओं ने अपने घरों से निकलकर बड़ी संख्या में मतदान किया है तो क्या इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। चर्चा इस बात को लेकर भी है कि मतदाता कांग्रेस के घोषणा पत्र से ज्यादा प्रभावित हैं या फिर भाजपा के घोषणा पत्र से। राजनांदगांव लोकसभा के परिपेक्ष्य में लोगों की चर्चा में कांग्रेस प्रत्याशी का लम्बा राजनैतिक अनुभव, भाजपा प्रत्याशी का कट्टर हिन्दुत्व की छवि लोगों के बीच चुनाव के नतीजों को लेकर हो रही है कि इस चर्चा में निष्कर्ष यही निकाला जा रहा है कि साहू, कुर्मी क्षत्रीय, आदिवासी समाज के साथ महिलाओं व किसानो का वोट इस बार निर्णायक होगा।

# दर्ज संख्या बढ़ाने शिक्षकों की पहल आठवीं के विद्यार्थियों से किया चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व शिक्षकों की टीम ने विद्यालय के दर्ज संख्या में वृद्धि के लिए विगत दिनों आसपास स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरदा, छिरहा व बिरुटोला में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों से उनके विद्यालय में चर्चा किया. संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने हाई स्कूल में उपलब्ध भौतिक व मानवीय संसाधन, खेलकूद मैदान, प्रायोगिक कक्ष, नियमित कक्षाएं, कैरियर मार्गदर्शन, अनुशासन, सुरक्षा, बस्ते के बोझ से मुक्ति, समय पर पाठ्यक्रम की पूर्णता, पालकों से संपर्क, विभिन्न दिवस का आयोजन सहित विभिन्न सुविधाओं व गतिविधियों के समंबन्ध में अवगत कराकर नए शिक्षा सत्र 2024-25 में विद्यालय खुलते ही 16 जून से कक्षा नवमीं में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया, इस दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, राजाराम साहू, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 1 मई से 15 जून तक शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश

**कवर्धा।** गर्मी को देखते हुए सभी शासकीय व निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है। हालांकि यह आदेश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए था। शिक्षकों के लिए अवकाश 1 मई से शुरू होगा। जो 15 जून तक रहेगा। वही 15 जून के बाद सभी स्कूल खुल जाएंगे।

### आठ हजार की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कवर्धा।** केवट पारा में आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई कर एक घर से 88 पाव अवैध शराब जब्त की गई। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जो शराब को अवैध तरीके से बेचने के लिए रखा था। जब्त शराब की किमत 7920 रूपए बताई जा रही है। आबकारी उपनिरिक्षक गीता साहू के मुताबिक आरोपी मुकेश निषाद केवट पारा कवर्धा का रहने वाला है, मुखबिर की सूचना पर उसके घर से 88 पाव शराब जब्त की गई। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59 (क) तहत गैर जमानती प्रकारण दर्ज किया गया है। अपराध दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेशी के बाद ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# रोजगार गारंटी योजना से ग्रामीणों को मिल रहा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कबीरधाम जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार मिलने का सिलसिला निरंतर जारी है। ज़लि के ग्राम पंचायतों में निर्णय कार्य चल रहा है जिसमें ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों के लिए पूर्व से ही कामो की स्वीकृति जिला प्रशासन द्वारा किया गया है ताकि ग्रामीणों के काम मांगते ही उन्हें रोजगार दिया जा सके।

योजना के अंतर्गत ब्लॉक बोड़ला के ग्राम पंचायत हरिनछपरा में 9 लाख रुपए स्वीकृत हुआ स्वीकृति प्रदान होते ही सरपंच आनंद दास बघेल, तकनीकी इंजीनियर दीपक कुमार श्रीवास, रोजगार सहायक राजेश जोशी द्वारा रोजगार गारंटी कार्य चालू कराया गया। जिसमें 652 से अधिक जॉब कार्ड धारी को रोजगार गारंटी में काम दिया जा रहा हैं। अधिक परिवारों को निरंतर रोजगार मिला है। अभी तक लाख से अधिक मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को मिलने से उन्हें बहुत फायदा हो रहा है क्योंकि रोजगार अपने गांव में मिलने के साथ मजदूरी भुगतान से आर्थिक लाभ हो रहा है।

# सेमरकोना में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन 24 अप्रैल से 02 मई तक


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम सेमरकोना में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 24 अप्रैल से 02 मई 2024 तक हो रहा है, जिसमें पंडित प्रशांत तिवारी दुल्लापुर से मुख्य यजमान राम अवतार यदु यह भागवत कथा स्वर्गीय बालाराम यदु एवं स्वर्गीय श्रीमती दुलवरीन बाई यदु के स्मृति में भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है। वही कार्यक्रम के दौरान पंडित प्रशांत तिवारी ने कहा कि विपत्तियों से घबराएं नहीं यही व्यक्तित्व को निखारती है, मनुष्य को विपत्तियों के समय घबराने की आवश्यकता नहीं है या व्यक्तित्व को मांजता है



मनुष्य विपत्तियों में कुंदन की तरह निखर कर चमकता है श्री कृष्णा गर्भ से को लोक पर्याप्त विपत्ति झेलते रहे इसलिए वे कर्मयोगी बनकर उभर सके उनका जीवन संबंधों से भरा हुआ है उक्त बातें पंडित प्रशांत तिवारी ने कहा ग्राम सेमरकोना में आयोजित संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के दिन कहीं यदि के निवास में आयोजित कथा में श्रृद्धाओं को उन्होंने बताया कुंती ने कठिन समय में स्वयं को माझकर यह सिद्ध किया कि वैधन्य में भी पुत्रों को संस्कारी कैसे बनाया जा सकता है कुंती भगवान से याचना करती है प्रभु मेरी झोली को विपत्तियों से भरे रखना क्योंकि तुम सदा विपत्तियों से ही संग हो अधिक है उस साल को जिसके आते ही तुम चले जाते हो।

# भारी मतों से विजय होंगे संतोष पाण्डेयः ओम यदु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने विगत 10 वर्षो में देश हित एवं जनहित में अनेकों कार्य किए है, इसी कार्य से देश की प्रभावित जनता भाजपा को वोट देकर मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर कर देश की बागडोर सौंपने को तैयार है

उक्त बात जिला मंत्री भाजपा जिला कबीरधाम ओम यदु ने कहा कि राजनादगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को राजनांदगांव की मतदाता वोट देकर भारी मतों विजय बनाएंगे एवं पुनः दोबारा सांसद बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

श्री यदु ने कहा कि विधानसभा कवर्धा एवं पंडरिया से श्री पाण्डेय बढ़त बनाएंगे विधानसभा कवर्धा में विधायक एव उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, श्री पाण्डेय की पक्ष काफी प्रचार प्रसार कर समर्थन में जनता को मतदान करने की अपील किए थे।

सभा बैठक भी किए वही पंडरिया विधानसभा से क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा ने सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के जीत के लिए क्षेत्र में सघन दौरा एव जनसंपर्क कर कड़ी मेहनत कर बढ़त दिलाने तत्तपर रहे। श्री यदु ने कहा जिला भाजपा एवं भाजपा मण्डल महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं प्रकोष्ठ मोर्चा सहित कार्यकर्ता गण कार्य किए जिसके बदौलत भारी मतों से विजय होंगे।

### अमलतास झूमर फूल एक आयुर्वेदिक औषधीय है...



**कवर्धा।** अमलतास झूमर फूल गर्मी के मौसम अति सुंदर खिले हुए है ये एक आयुर्वेदिक औषधीय भी है जिसे वैद्यराज दवाईयां भी बनाते है।

# हैंडपंप हुआ खराब, विभाग के कर्मी मरम्मत को लेकर कर रहे टालमटोल

## घर-घर लगाए गए नल-जल योजना का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

इन दिनों भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई गांवों में पीने के पानी लेने के लिए लोगों को बहुत दूर जाना पड़ रहा है। कई गांवों में लगे हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा पीएचई विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। नगर



पंचायत कवर्धा से लगे ग्राम सिंघनपुरी के मुख्य चौक के पास लगा हैंडपंप लगभग एक वर्ष से बंद पड़ा है जिसे सुधारा नहीं जा सका है। ग्रामीणों ने बताया हैंडपंप बंद होने के कारण पीने की पानी के लिए परेशानी हो रही है। गांव में पीने के पानी के लिए ग्रामीण आस-पास के लोगों से बोर और बोरिंग से पानी लेने के लिए मजबूर है। गांव में खराब हैंडपंप का शिकायत करने के बाद भी नहीं बन रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खराब हैंडपंप की जब हैंड पंप मिस्त्री से शिकायत की गई तब उन्होंने आश्वासन मिला था। ग्राम सिंघनपुरी में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर लगाए गए पेयजल कनेक्शन शो-पीस बना हुआ है। उन्होंने जल संस्थान से नियमित जलापूर्ति कराने की मांग की है।

### बैग में रखा गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** बिक्री करने की फिराक में कपड़े रखने के बैग में गांजा लेकर घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 12 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। गुढ़ियारी पुलिस के मुताबिक महादेवघाट चौक के समीप डीडीनगर निवासी मनहरण चतुर्वेदी और सक्ती नगर खम्हारडीह निवासी लक्की चंद्राकर रामनगर कोटा रोड पर संदिग्ध हालत में घूम रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उन्हें हिरासत में लिया और गांजा बरामद किया। गांजे की कीमत 1.21 लाख रुपए आंकी गई है। दोनों के खिलाफ 20 नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## कुम्हार को बे मौसम वर्षा के कारण करसी बनाने में परेशानी, पक नहीं पा रहा करसी है

# अक्ति नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्र में दिखने लगा करसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्रामीण आंचल में अक्ति नजदीक आने के कारण कुम्हार के द्वारा गांव-गांव में करसी बेचने के लिए प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण लोग भी लेने से नहीं चूक रहे हैं क्योंकि गर्मी के माह में करसी का पानी लोग प्राय पीते हैं और अक्ति में महाराज लोग को भी करसी दान के रूप में देते हैं, इसलिए अक्ति के माह में करसी का महत्व बढ़ जाता है और कुम्हार के द्वारा महीनों से करसी बनाने में लग जाते हैं, और समय निकालकर बनाते हैं क्योंकि गर्मी के माह में ऐसे ही करसी की मांग अधिक रहता है लेकिन कुम्हार के लिए सबसे बड़े परेशानी बे मौसम वर्षा आंधी तूफान क्योंकि करसी जितना ज्यादा पकना चाहिए उतना ज्यादा वर्षा होने के कारण कुम्हार को परेशानी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बे मौसम वर्षा हफ्ता में रोज गिर रहा है इसलिए करसी पकाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### व्यापारी संघ ने फुटपाथ बाजार हटाने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मालवीय रोड व्यापारी संघ ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने मालवीय रोड पर ट्रैफिक समस्या की वजह फुटपाथ बाजार को बताया है। व्यापारियों का कहना है कि मालवीय रोड पर फुटपाथ की दुकानों के कारण जगह-जगह हाथ ठेले व ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनती है। उन्होंने ज्ञापन के जरिए फुटपाथ बाजार को बैन करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संघ के तरल मोदी और राजेश वासवानी, राकेश अग्रवाल, राजेश विधानी, भरत प्रधनानी, सुरेश जादवानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने शनिवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला भाटागांव, शासकीय प्राथमिक शाला चांगोराभाठा, पंडित सुंदरलाल शर्मा उत्तर माध्यमिक शाला लाखे नगर, डा. अनिरुद्ध सिंह प्राथमिक शाला कुशालपुर, पटेल विद्या मंदिर महाराजगंज तालाब, शासकीय राधा भाई नवीन कन्या महाविद्यालय मठपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संतोषी नगर आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 5 से अधिक बूथ वाले मतदान केंद्रों में आवाजाही, लाइट, पंखा, पेयजल, टॉयलेट इत्यादि चीजों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को कतार में खड़े रहने के बजाए बैठने के लिए बैंच रखने तथा सुरक्षा के इंतजाम व्यवस्था पुख्ता करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नंदकुमार चौबे समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार में साहस हो तो झीरम की भी सीबीआई जांच करवाए

**रायपुर।** बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा को अपनी पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है, जो सीबीआई जांच करवा रही है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है। उन्होंने कहा, जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है, भाजपा में साहस हो, तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया, न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये।

### कांग्रेस नेता की हत्या के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

**रायपुर।** दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा की गई कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। वे लगातार नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे। नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार पर वे लोकतंत्र को बचाने आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे।
उन्होंने कहा, कई बार भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि नक्सली दूसरे दल के नेताओं की हत्या क्यों नहीं करते? अब नक्सलियों ने कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की निर्मम हत्या कर दी।

# प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ इस बार जून से हो पाएगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिजली का नया टैरिफ इस बार तय समय एक अप्रैल से लागू नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव के कारण नया टैरिफ इस बार चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में ही जारी होगा। इसके पहले भी एक बार 2014 में लोकसभा चुनाव के कारण जून और एक बार 2021 में अगस्त में नया टैरिफ जारी हुआ था। नए टैरिफ के लिए मार्च में जनसुनवाई हो चुकी है। अब नए टैरिफ की सारी प्रक्रिया को पूरा करने का काम नियामक आयोग में चल रहा है। इसमें भी समय लगेगा। वैसे प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो यह बड़ी राहत की बात है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, लेकिन बाकी वर्ग को महंगी बिजली का करंट जरूर लगना तय है।

पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें उसको नए सत्र में 36 सौ करोड़ का फायदा तो हो रहा है, लेकिन पुराना घाटा 7775 करोड़ का होने के कारण कंपनी ने आयोग को घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी वर्ग में घाटे की पूर्ति के लिए टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में तय है कि बाकी वर्ग के लिए नए सत्र में बिजली महंगी हो जाएगी। अब नियामक आयोग अंतर की जो राशि मंजूर करेगा, उसके हिसाब से ही टैरिफ में बदलाव होगा।

## जनसुनवाई हो चुकी है, लेखा-जोखा देखने का चल रहा है नियामक आयोग में काम

### कमाई से ज्यादा घाटा

पॉवर कंपनी ने 2024-25 के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें पॉवर कंपनी ने जहां अपना खर्च 1799.46 करोड़ बताया है, वहीं कमाई 21616.77 करोड़ बताई है। ऐसे में 3626.31 करोड़ का फायदा हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराना घाटा बहुत ज्यादा है। जहां पहले का घाटा करीब 4848.91 करोड़ का है वहीं पिछले सत्र में बताया गया 2924.53 करोड़ का भी घाटा है। कुल मिलाकर 8046.66 करोड़ का घाटा है। इसमें 3626.31 करोड़ की कमाई को कम करने के बाद भी 4420.35 करोड़ की कमी हो रही है।



### आयोग तय करेगा टैरिफ

आयोग के पास याचिका लगने के बाद अब आयोग पहले वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और उसको वास्तव में बिजली बेचने के कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पुराना घाटा कम करने के बाद वास्तव में उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफ में कितना इजाफा होगा। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफ में कम इजाफा होगा।

## सरकार ने ईवी को प्रदेश में बढ़ावा देने की पहल, बजट कम पड़ने से ऐसा हाल

# 60 हजार इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की अटकी सब्सिडी, 80 करोड़ से ज्यादा भुगतान भी फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ने के लिए सब्सिडी देने की योजना सरकार ने बनाई। साथ ही सब्सिडी देने का दावा भी किया। इससे लोगों ने ईवी वाहनों की खरीदी में रुचि ली। अब 60 हजार से ज्यादा गाड़ी मालिकों को सब्सिडी के लिए विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। भुगतान फंसने की समस्या इन दिनों प्रदेशभर में है। 80 करोड़ से ज्यादा का भुगतान भी वाहन मालिकों का अटका है। इसके लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी- बिक्री इतनी बढ़ गई है कि अब परिवहन विभाग को प्रमोशन के लिए सब्सिडी देने के लिए शासन से मिलने वाला बजट भी कम पड़ने लगा है। मामले की विभागिय सूत्रों से जानकारी जुटाने पर पता चला है कि प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों की सब्सिडी भी फंसी हुई है। पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दाम और इन वाहनों से बढ़ने वाले प्रदूषण को कम करने और लोगों को महंगाई से राहत के लिए इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां तो खरीदी, लेकिन सब्सिडी की उम्मीद कम भी टूटने लगी है। ऐसे हालात इसलिए बन रहे, क्योंकि सब्सिडी की आस लगाए लोगों ने पुरानी गाड़ियां तो बदली पर राहत देने के लिए तय राशि विगत 10 महीने से अटकी हुई है।



खास खबर

### पांच साल के लिए बनी पॉलिसी

*पूर्व सरकार ने ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की है। इसके तहत अधिकतम सब्सिडी वाहनों के मूल्य का 10 प्रतिशत या डेढ़ लाख रुपए की राशि शामिल हैं। इसे गाड़ी मालिकों के खाते में ट्रांसफर करने का प्रावधान हैं। यह नीति अप्रैल 2022 को पांच वर्ष के लिए लागू किया गया है। इसके साथ ही रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देते हुए बैटरी के लिए रिसाइकिल इकोसिस्टम है। सार्वजनिक परिवहनों में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को बढ़ाने ईवी निर्माताओं को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रावधान है।*

### बजट मांगने भेजा गया प्रस्ताव

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री ज्यादा होने से परिवहन विभाग का बजट कम पड़ गया। सब्सिडी देने के लिए बैठक करके लिए गए निर्णय से शासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही बजट-सत्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

*- आरपी पांडेय*
*उप सचिव*
*परिवहन विभाग*

### दबाव बढ़ने से की गई मीटिंग

मामले की पड़ताल में पता चला कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के बाद लोगों ने सब्सिडी के लिए दावेदारी शुरु की। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने समस्या का समाधान निकालने के लिए एक बार बैठक भी किया है। इसमें प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों को ई-व्हीकल व वाहनों की खरीदी पर 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक की सब्सिडी नहीं मिल पाई है। राज्य में ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की गई। बजट कम पड़ने से समस्या की वजह बनने लगी है।

### 7656 को ही दे पाए सब्सिडी

सब्सिडी वाहन मालिकों के खाते में भेजी जाती है। प्रदेश में आखिरी बार विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के पहले जुलाई महीने में राशि जारी की गई। विभाग ने भी प्रदेशभर में अब तक 7,656 वाहन मालिकों को 14 करोड़ 29 लाख रुपए का भुगतान किया है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल की सब्सिडी देने वर्ष 2022-23 में 15 करोड़ का बजट मिला था। लेकिन एक वर्ष के भीतर प्रदेश में रिकार्ड गाड़ियों की बिक्री हुई। सब्सिडी का यह आंकड़ा बढ़कर 80 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पहुंच गया है।

# हलाकान करेगी मई की गर्मी, रास्ता बदलकर आएगी निचले स्तर पर गर्म हवा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में आने वाली निचले स्तर की हवा की दिशा बदलने से मई के दूसरे दिन से ही गर्मी परेशान करेगी। अनुमान है कि दो मई के बाद रायपुर समेत प्रदेश का तापमान तेजी से बढ़ेगा। अभी दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद चक्रवाती घेरा के असर से हल्के बादल छाए हुए हैं, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

- **सुबह बादल से तापमान में थोड़ी गिरावट, आज भी असर**

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अप्रैल में गर्मी का महीने उतार-चढ़ाव के साथ बीत गया। माना जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में गर्मी अपना असर दिखाएगी। इस दौरान उत्तर-पश्चिम की हवा का प्रवेश होगा जो सामान्यतः गर्म होगी। इसके प्रभाव से 40 से 42 तापमान के बीच घूमने वाला पारा उछलकर 43-44 डिग्री तक पहुंचेगा। शनिवार को शहर में सुबह के वक्त बादल की वजह से गर्मी विलंब से महसूस हुई। इस दौरान तापमान भी तेजी से ऊपर की ओर नहीं चढ़ सका और 40.5 डिग्री पर जाकर अटक गया। अगले चौबीस घंटे में इसमें थोड़ी और गिरावट आने के आसार हैं। इसके बाद सिस्टम के कमजोर होने से तापमान पुनः बढोतरी की ओर अग्रसर होगा।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर विस्तारित है। एक चक्रवाती घेरा दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन जारी है, जिससे एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

# रीचार्ज न कराने पर रायपुर से ही कट हो जाएगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर के किसी दूर के गांव का कोई उपभोक्ता हो या फिर सरगुजा के किसी भी शहर का उपभोक्ता अगर उसने बिजली लेने के लिए स्मार्ट मीटर लगने के बाद अपना रीचार्ज नहीं कराया तो रायपुर से ही उसकी बिजली कट हो जाएगी। रायपुर के गुढ़ियारी में स्मार्ट मीटर का कंट्रोलरूम रहेगा।

प्रदेश के उपभोक्ताओं को आने वाले समय में प्रीपैड स्मार्ट मीटर लगने पर बिजली मिलेगी। इसके लिए रीचार्ज कराना होगा। इसके लिए राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में कंट्रोलरूम बनाया जाएगा। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम दो कंपनियों को मिला है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी कर रही है, बाकी का काम जीनस कंपनी को मिला है। इस साल से ही प्रदेश से सभी वर्गों के उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाकर सभी कनेक्शनों को पोस्टपैड से प्रीपैड किया जाएगा। अभी तो पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांशफार्मरों मीटर लग रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं का नंबर आएगा। उपभोक्ताओं के कनेक्शन जब बदलेंगे और स्मार्ट मीटर लगेंगे, तो पहले रीचार्ज करने पर ही बिजली मिलेगी।

### रीचार्ज समाप्त होने से पहले आएगा मैसेज

कंट्रोलरूम में बैठकर ही पूरी जानकारी हो जाएगी कि किस उपभोक्ता ने रीचार्ज कराया है और किस ने नहीं कराया है। रीचार्ज न कराने वालों की बिजली यहां पर बैठकर कट कर दी जाएगी। रीचार्ज समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को मोबाइल फोन की तर्ज पर ही लगातार मैसेज जाएगा कि उसका रीचार्ज समाप्त हो रहा है, रीचार्ज करा लें नहीं तो बिजली कट हो जाएगी।

# शिवप्रकाश ने पांच लोकसभा के लिए बनाई चुनावी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने दो दिनों तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पांच लोकसभाओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार की है।

अब सभी को तीसरे चरण की सात सीटों पर पूरी ताकत झोंकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ दो चरणों के चुनाव के बारे में भी पूरी जानकारी ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संगठन हर स्तर पर काम कर रहा है। एक तरफ जहां लगातार सभाओं का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैठकों का दौर भी चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी यहां पर रूककर बैठक लेकर चुनावी रणनीति बना चुके हैं। अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने भी दो दिनों तक पांच लोकसभाओं को लेकर रणनीति बनाने का काम किया है।

### इन लोकसभा की बैठकें

शनिवार को शिव प्रकाश ने दो चरणों में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा की सीटों को लेकर कलस्टर प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों, सह संयोजकों के साथ बैठक करके उनके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली और हर लोकसभा के लिए रणनीति भी बनाई कि क्या-क्या करना है। इसके पहले शुक्रवार को सरगुजा लोकसभा को लेकर रणनीति बनाई गई थी। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के अलावा धरमलाल कौशिक, अनुराग सिंहदेव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने की सरप्राइज जांच

## रात आठ बजे प्रमुख चौराहों पर पुलिस अफसरों ने की वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को रात आठ बजे सड़क पर निकलकर वाहनों की अचानक जांच की। पुलिस ने यह जांच एसएसपी के आदेश पर की। जांच में सभी डिविजन के सीएसपी के साथ ट्रैफिक सहित शहर के दो सिटी एएसपी जांच करने फील्ड पर उतरे।



एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की धरपकड़ करने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के अलावा आउटर के इलाकों में चेक पाइंट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान ध्यान रखा जा रहा है कि लोग किसी भी तरह के अपने साथ अवैध तथा प्रतिबंधित मादक पदार्थ तो नहीं ले जा रहे हैं। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ ट्रिपल सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मरीन ड्राइव, रेलवे स्टेशन, अग्रसेन चौक, महादेव घाट, पचपेड़ी नाका, पठारी डीह, चंदनीडीह में जांच की। पुलिस अफसर के अनुसार जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# दूसरे चरण में 76.24 प्रतिशत मतदान राजनांदगांव में सबसे अधिक वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्य की तुलना में अधिक मतदान दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी के बावजूद मैदानी क्षेत्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया चुनाव आयोग द्वारा अभी तक जारी आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव में 76.24 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 74.95 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों की बात करें तो इस बार 1.3 प्रतिशत मतदान ज़्यादा हुआ है। कांकेर लोकसभा में 76.46 प्रतिशत महासमुंद 75.03 प्रतिशत और राजनांदगांव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम के जमा होने के बाद अपडेट किए गए आंकड़े जारी किए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में से भी लोकसभा में 1 से 1.5 प्रतिशत तक अधिक मतदान हुआ है। राजनांदगांव लोकसभा में पिछले साल 76.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहां इस बार के लोकसभा चुनाव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां के डोगरगांव विधानसभा में सबसे अधिक 82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।



**कांकेर में भी अधिक मतदान:** महासमुंद लोकसभा सीट में पिछले लोकसभा चुनाव में 74.51 प्रतिशत मतदान हुआ था, यह इस बार बढ़कर 75.03 प्रतिशत हो गया। यहां पर बिंद्रानवागढ़ में 81 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं कांकेर लोकसभा में भी इस बार अधिक मतदान देखने को मिला है।

# रायपुर लोकसभा के प्रचार की समीक्षा शहर के पार्षदों की पायलट ने ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर लोकसभा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर शहर के पार्षदों की बैठक लेकर उन्हें अब तक प्रचार के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा शहर में कांग्रेस प्रत्याशी को हर वार्ड से लीड दिलाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के माध्यम से हर बूथ तक पहुंचने के निर्देश दिए।

रायपुर लोकसभा शहर से पार्टी को लीड दिलाने के लिए सभी लोगों को जुटने के निर्देश दिए। यहां पर पार्टी के प्रचार की अब तक स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, बूथ पर कांग्रेस नेताओं को तैयार कर अभी से कार्य में लगें। बताया गया है महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के फार्म भराने और अन्य गतिविधियों के बारे में जानाकारी दी। बताया गया उन सभी से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कांग्रेस वाररूम के द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार की पूरी जानकारी ली जा रही है। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र के हर बिंदु के हिसाब से जनता से संपर्क कर पार्टी के पक्ष में प्रचार करने की रण्नीति बनी है।



### ये थे मौजूद

बैठक में महापौर एजाज ढेबर, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, राधेश्याम विभार, आकाश तिवारी, नागभूषण, सहित अन्य पार्षद मौजूद थे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, औश्र प्रभारी सचिव श्री जांगिड में बैठक में मौजूद थे।

### पायलट आज बिलासपुर और जांजगीर जाएंगे

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रविवार को बिलासपुर जाएंगे। यहां पर सकरी में 29 को होने वाली राहुल गांधी की सभा की तैयारियों का जायजा लेंगे। वहां से वे जांजगीर चांपा जाएंगे, जहां पर 30 तारीख को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा का जायजा लेंगे।

## सार समाचार

### नेशनल ताईक्वान्डो में शामिल होने टीम दिल्ली रवाना



**खैरागढ़।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नेशनल ताईक्वान्डो स्पर्धा में शामिल होने जिले से आठ सदस्यों की टीम रवाना हुई। प्रदेश स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन बाद जिले से संतोष निर्मलकर, खूबचंद साहू, सुनील निषाद, डीलेश्वरी यादव, रिद्धि जंघेल, ज्योति यादव, कोमेश्वरी और आंचल नेताम का चयन हुआ था, जो अब नेशनल स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाईजेशन द्वारा नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में स्पर्धा आयोजित की जा रही है जिसमें देश के अलग-अलग प्रदेशों से चयनित 1300 से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ टीम में पहली दफे लगातार 3 महीना रानी लक्ष्मी बाई योजना तहत शिविर आयोजित कर खिलाड़ियों को अभ्यास कराया गया था। नेशनल स्पर्धा में खैरागढ़ जिले के अलावा रायपुर, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, कवर्धा, नारायणपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, बेमेतरा जिले से मिलाकर से 50 बालिका, 30 बालक, 4 कोच, 4 टीम मैनेजर और 5 रेफरी सहित 93 लोग दिल्ली के लिये रवाना हुए है। पूरी टीम को को एमेच्योर ताइक्वांडो अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, अवधेश जैन, सचिव संतोष निर्मलकर, राजेश कुमार सहित अन्य ने बेहतरीन प्रदर्शन की शुभकामना दी है।

### वृक्ष सूखा, दुर्घटना की आशंका



**सड़क अतरिया।** नर्मदा मानपुर मार्ग में कई वृक्ष सूख चुके है जो कभी भी गिर कर घटना को अंजाम दे सकते हैं। नर्मदा में प्रवेश द्वार के पास सड़क के दोनो किनारे स्थित पेड़ सूख गए हैं जिसकी कटाई करना जरुरी हो गया। समीप की दुकान और होटल में भीड़ रहती है तथा लोगों का आवागमन रहता है। तेज आंधी में पेड़ के गिरने का डर बना हुआ है। ग्रामीण समय रहते सूखे वृक्ष को गिराने की मांग की है।

### 41 यूनिट रक्त एकत्रित



**मुरमुंदा।** श्री राम भक्त युवा समिति ने हनुमान जयंती के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि जरूरतमंदों की मदद हो सके। समिति ने ग्राम जन्मोत्सव के मौके पर शोभायात्रा निकाला और शक्ति प्रदर्शन किया। श्री राम दरबार व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पूजन हवन, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 41 यूनिट एकत्रित किया गया। महिला समूह के सहयोग से भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को पूजन प्रसादी वितरण हुआ। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों शामिल हुए।

## स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

# मतदान के बाद स्ट्रांग रूम सील, 4 जून को मतगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को सील कर दिया गया है।

स्ट्रांग रूम में विधानसभावार ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई है। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात है। स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। जिले में मतदान संपन्न हो गया है एवं मतगणना 4 जून को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में होगी। 6 जून के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।



प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ उमेश पटेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मेढा और छिपा समिति का हो निष्पक्ष जांच : संगठन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव, मोहला-मानपुर व खैरागढ़ के तत्वावधान में 28 अप्रैल को गोंडवाना गार्डन राजनांदगांव में संयुक्त बैठक रखी गई थी। जिसमें प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति विश्वकर्मा ने ज्ञापन देकर संघ में मांग रखी है कि कर्मचारी संगठन सहयोग करें, क्योंकि उनके पति के साथ छल-कपट कर उन्हें फंसाया गया है। एक वर्ष से जेल में है, अभी तक जांच नहीं हुई।

उन्होंने मांग करते कहा कि किसानों के ऋण प्रकरण में समिति प्रबंधक का काम है, सिर्फ किसानों को चेक प्रदान करना बैंक का काम है, किसानों को भुगतान करना, फिर समिति प्रबंधक कैसे फंस गया, इसकी जांच होनी चाहिए। इसी प्रकार छिपा समिति की समिति प्रबंधक गोवर्धन वर्मा द्वारा आत्महत्या कर लिया गया है। जिसकी भी जांच लंबित है। दोनों समिति के प्रकरण में निष्पक्ष जांच किया जाए। समिति को आर्थिक नुकसान की भरपाई दोषियों से कराया जाए, लेकिन सिर्फ समिति कर्मचारियों को जेल भेजा जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है, जांच होनी चाहिए।

## मधु कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा में करेंगे प्रचार



**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव को केन्द्रीय भाजपा नेतृत्व द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में तीसरे चरण के मतदान पूर्व कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार-प्रसार का अहम दायित्व सौंपा गया है। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव कल 29 अप्रैल को राजनांदगांव से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां चार दिनों तक भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके पश्चात अगले तीन दिनों तक भाजपा नेता मधुसूदन यादव बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे, जहां वो भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार-प्रसार करेंगे।

## तेज आवाज में बजाया डीजे संचालक के खिलाफ एक्शन

**डोंगरगढ़।** तेज आवाज में डीजे साऊंड सिस्टम बजाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिसके मद्देनजर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 27 अप्रैल को साहू समाज का कर्मा भवन पटेल बाड़ी वार्ड क्र. 15 में डोंगरगढ़ के पास शादी कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बज रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां डीजे साउंड सिस्टम संचालक रितेश कुमार देवांगन पिता विष्णुराम देवांगन 25 साल बुधवारी पारा वार्ड नं. 15 द्वारा डीजे साउंड सिस्टम रखकर तेज आवाज में देर रात तक डीजे बजाते मिलने पर साउंड सिस्टम को जब्त कर डीजे संचालक के विरूद्ध धारा- 3, 4, 5/15(1) के तहत कार्रवाई किया गया है।

# ठेकेदार ने गड्ढे को छोड़ा खुला

■ दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जल जीवन मिशन के तहत ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम तेंदूनाला में पानी टंकी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। ठेकेदार ने दो महीने टंकी निर्माण के लिए गड्ढा खोद कर लापरवाही पूर्वक छोड़ दिया है जिससे दुर्घटना होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार तेंदूनाला में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण होना है। उपसरपंच नंदकिशोर वर्मा ने बताया कि दो माह टंकी निर्माण के लिए गड्ढे की खुदाई कर छोड़ दिया गया है। दो माह से काम बंद है और गड्ढा खुला पड़ा है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उल्लेखनीय है खोदे गए गड्ढे के समीप ही स्कूल और मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण को चालू कराने की मांग की है। इससे पहले ग्राम पंचायत आसरा में इसी तरह का मामला सामने आया था। यहां आंगनबाड़ी केन्द्र के बाजू से खुले छोड़े गए गड्ढे में एक बच्चे के गिरने से मौत हो गई थी।



# गायत्री विद्यापीठ में जीवन प्रबंधन विषय पर कार्यशाला

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में गीता के माध्यम से जीवन प्रबंधन विषय पर प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो गेट एकडमी के डायरेक्टर, एवरडमी के फाउंडर एवं सीईओ, गायत्री विद्यापीठ के वर्तमान सचिव की उपस्थिति में जीवन प्रबंधन विषय पर प्रस्तुति दी गई।



कार्यक्रम में गगन लड्ढा द्वारा जीवन में आने वाली चुनौतियों व परेशानियों का समाधान हम किस प्रकार कर सकते हैं, इसे श्रीमद भागवत गीता के विभिन्न प्रसंगों से जोड़कर सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। जिसका लाभ विद्यालयीन शिक्षकों को मिला। श्री लड्ढा ने बताया कि जीवन की सारी समस्याओं का समाधान गीता में है ''हम केवल धर्म ग्रंथों की पूजा, उपासना तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसे अपने आचरण में भी उतारें, ऐसा करना ही हमारा ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति होगी। उन्होंने अनेक प्रसंगों का भी उल्लेख किया। स्वागत उद्बोधन बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अनिल बाजपेयी, ओमप्रकाश लड्ढा, राधादेवी लड्ढा, अमित उत्तलवार, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू ओमवती सिंग समेत अन्य लोग शामिल थे। उक्त जानकारी उषा झा ने दी।

## मौसम ने फिर बदला करवट

**सड़क अतरिया।** रविवार की सुबह मौसम ने फिर अपना करवट बदल लिया है। सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे। करीब घंटे भर तक हल्की बारिश के साथ तेज आंधी चली जिससे विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली आपूर्ति करने में विभाग को करीब घंटा भर का समय लगा। क्षेत्र में रविवार को दिन भर बदली छाई रही। मौसम के बदलाव से तापमान में जरुर कमी आई है पर उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दिया।



## आंगनबाड़ी भवन जर्जर, मांग अधूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में बीते तीन साल से आंगनबाड़ी भवन नहीं होने से कक्षा संचालित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खैरा का आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 काफी जर्जर हो जाने के कारण बीते तीन साल से सरकारी अतरिक्त भवन में संचालित किया जा रहा है। बीते साल में पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर कई दफा जनपद एवं जिला स्तर पर नवीन आंगनबाड़ी भवन की मांग किया गया पर अब तक न पुराने भवन की मरम्मत हो पाई है और न नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण हो पाया है। केन्द्र में वर्तमान में लगभग 35 बच्चे हैं।

# राशन विक्रेता से ग्रामीण परेशान

■ दुकान खोलने का दिन और समय निर्धारित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



ग्राम पंचायत देवकट्टा में राशन बिक्रेता की मनमानी के चलते हिग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के चंद्रश पटेल, किशन मारकंडे, भूषण, उमेश्वर पटेल, चरणदास मारकंडे, रामसिंह, भगवंतीन, उषा पटेल, शांता कंवर, मीणा, गिरजा निषाद, दसरी सहित अन्य ने बताया कि बिक्रेता धर्मेन्द्र गायकवाड़ ने दुकान को सुबह 8 बजे खोलने का समय रखा है किन्तु 11 बजे खोलता है। चालू माह के दो दिन शेष है किन्तु अब तक आधे से ज्यादा हितग्राहियों को खाद्यान नहीं मिला है। राशन के लिए ग्रामीणों को दुकान के चक्कर लगाना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि एक माह का राशन दूसरे माह के आते तक दिया जाता है जबकि जिस माह का राशन है उसे उसी माह देना है। बिक्रेता की मनमानी के चलते ग्रामीणों को हर माह परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बिक्रेता पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### विलंब से वितरण

सरपंच हेमिन पुरन वर्मा ने बताया कि हर माह 10 से 15 तारीख के बीच राशन दिया जाता है लेकिन इस महीने के 20 तारीख के बाद राशन देना शुरू किया गया है।बताया जाता है कि 110 क्विंटल पुरानी रिकवरी है, जिसे मेंटनेंस करने के लिए दूसरे महीने तक राशन वितरण किया जाता है।

## सड़क निर्माण और मरम्मत के काम में जमकर बंदरबाट, जांच भी नहीं हो सकी

**डोंगरगढ़।** सड़क निर्माण, मरम्मत कार्य को कागजों में ही पूरा कर फर्जीवाड़ा करने का मामला प्रकाश में आया है। खैरागढ़ संभाग अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़ उपसंभाग को हाल ही में राजनांदगांव में शामिल किया गया है। तत्कालीन अधिकारियों के संरक्षण में जमकर अनियमितता बरता गया था।

विभाग के एक अधिकारी ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए गड़बड़ी में पूरा साथ दिया है। करीब 70 लाख के मरम्मत कार्यो में हुए फर्जीवाड़ा की शिकायत पीएमओ कार्यालय में हो चुकी है। मामला प्रकाश में आने के बाद तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह ने गंभीरता से जांच एवं दोषियों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था किन्तु अब तक कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग को 25 लाख की लागत से अछोली कलकसा मरम्मत की स्वीकृति फरवरी में मिली है। काम होने के बाद विभाग से अधिकारी ने स्वयं सत्यापन मूल्यांकन कर ठेकेदार को भुगतान कर दिया जबकि पूरा काम मात्र 5 से 7 लाख का हुआ है।

### घटिया निर्माण से बुरा हाल

जानकारी के अनुसार बीते एक साल में 20 करोड़ का कार्य हुआ है। एलबी नगर चौराहा से नारायणगढ़, मुरमुंदा चौक से प्रज्ञागिरि मार्ग, बधियाटोला नाका से उपर मंदिर मार्ग आरा मिल तक लगभग 1 करोड़ का कार्य कराया गया है। उक्त निर्माण की गुणवत्ता की जांच की जाए बड़ी गड़बड़ी सामने आएगी। बधियाटोला में नवरात्रि के एक दिन पूर्व डामरीकरण किया गया था। नवरात्र के बाद सड़क उखड़ने लगी है।

## झाड़ीखेरी में 82.79 व हालडुला में 84.83 फीसदी मतदान

**राजनांदगांव।** स्वीप की टीम ने मतदान के प्रति जागृति लाने बेहतरीन कार्य करते सफलता की नई इबारत लिखी है। जिले के दो ग्राम झाड़ीखेरी एवं हालडुला में ग्रामीणों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। स्वीप की टीम ने इन ग्रामों को चिन्हांकित कर वहां विशेष अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिसका असर यह रहा कि ग्राम झाड़ीखेरी में 82.79 प्रतिशत और ग्राम हालडुला में 84.83 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते सफलता के नए आयाम प्राप्त किए हैं। स्वीप की टीम द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किए गए।




## सनसिटी में जारी निःशुल्क योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सनसिटी कॉलोनी में बच्चों के लिए 24 से 30 अप्रैल तक विशेष योग, ध्यान व प्राणायाम का शिविर लगाया गया है। गर्मी की छुट्टियों में लगभग 45 बच्चे सुबह 6 से 7.30 बजे तक नियमित योग शिविर का लाभ ले रहे हैं।

सत्यानंद योग आश्रम के योग शिक्षक श्री बजाज द्वारा सिखाया जा रहा है। इस योग शिविर की संयोजिका रुपाली गांधी योग के पश्चात बच्चों को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण जानकारी रोचक तरीके से व एक्टिविटी द्वारा बता रही है। उनका कहना है कि ये बच्चे देश का भविष्य हैं, इनके अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना हमारा कर्तव्य है। ये पीढ़ी स्वस्थ रहेंगी तो समाज स्वस्थ होगा। आनंद चोपड़ा ने इस सफल शिविर के लिए बधाई दी है।

